*This Question Paper contains 16 printed pages.*
***(Part - A & Part - B)***

Sl.No. 0101762

# 02 (H)

**(MARCH, 2019)**
**(New Course)**

| |
|---|
| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ **OMR** શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. |
| **Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet.** |
| **01** |

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**

**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में Part - A में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या 1 से 50 है। हरेक प्रश्न का गुण 1 है।

3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना।

4) आपको अलग से दिए गये O.M.R. पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O और (D) O दिए गये है। जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा।

5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहीनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को O.M.R. शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए।

---

1) मेज पर किसके फूलों का गुलदस्ता रहता था?

(A) कागज

(B) कमल

(C) गेंदा

(D) गुलाब

2) 'तुम कब जाओगें अतिथि' में कैसे अतिथियों का ब्यौरा है?

(A) एकदिन रहनेवाले

(B) चारदिन रहनेवाले

(C) आकर तुरन्त जानेवाले

(D) इनमें से एकभी नहीं

3) साहसपूर्ण आनन्द की उमंग का नाम क्या है?

(A) निराशा

(B) हताशा

(C) उत्साह

(D) निरुतसाह

4) रामप्रसाद बिस्मिल का जन्म किस परिवार में हुआ था?

(A) क्षत्रिय

(B) मुस्लिम

(C) वैश्य

(D) ब्राह्मण

5) अशफ़ाक 'बिस्मिल' को किस नाम से पुकारते थे?

(A) राम

(B) श्याम

(C) रवि

(D) दिनेश

6) रात में सोते समय स्वप्न में ज्ञान को किसने दर्शन दिया?

(A) राजा

(B) भिखारी

(C) भगवान

(D) राक्षस

7) माउन्ट एवरेस्ट पर चढ़नेवाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी?

(A) बचेन्द्रीपाल

(B) शुभद्रा कुमारी

(C) उर्मिला माथुर

(D) बी. पी. नथवाणी

8) घर में माँ का अस्तित्व किसके जैसा है?

(A) चाँद

(B) वायु

(C) सूरज

(D) तारे

9) स्वामी विवेकानन्द का मूल नाम क्या था?

(A) रामनाथ दत्त

(B) शिवनाथ दत्त

(C) नरेन्द्रनाथ दत्त

(D) महेन्द्रनाथ दत्त

10) ओचुमेलाँव कौन था?

(A) नौकर

(B) मालिक

(C) चोर

(D) इन्सपेक्टर

11) हानूश के साथ क्या जुल्म हुआ?

(A) दोनों आँखें निकलवादी

(B) दोनों हाथ कटवादी

(C) दोनों पैर कटवादी

(D) शिर कलम कटवादी

12) कोलकाता के पास कौन सी नदी बहती है?

(A) सरयू

(B) हुगली

(C) नर्मदा

(D) यमुना

13) तताँरा शाम को घूमने के लिए कहाँ गया?

(A) गाँव के किनारे

(B) नदी के किनारे

(C) समुद्र के किनारे

(D) शहर के किनारे

14) 'रघुवीर चौधरी' का जन्म भारत के किस राज्य में हुआ है?

(A) उत्तरप्रदेश

(B) मध्यप्रदेश

(C) राजस्थान

(D) गुजरात

15) असंख्य नदियों का देश किसे कहा गया है?

(A) भारत

(B) अमेरिका

(C) पाकिस्तान

(D) चीन

16) 'रैदास' ने ईश्वर भक्ति के लिए सभी आशाओं को छोड़कर किसकी शरण में जाने का मार्ग सुझाया है?

(A) गुरु

(B) ईश्वर

(C) मन्दिर

(D) माता–पिता

17) लोहा खरा सोना कब बनता है?

(A) पत्थर को छूकर

(B) ईंट को छूकर

(C) पारस को छूकर

(D) हीरे को छूकर

18) ग्वालिन क्या बेंचने निकली है?

(A) शाक–भाजी

(B) दूध

(C) खिलौने

(D) दही

19) 'वाटिका' देखने के लिए कौन–कौन आये थे?

(A) राम और लक्ष्मण

(B) भरत और शत्रुघ्न

(C) ऋषि और मुनि

(D) देव और दानव

20) 'सूर्यकान्त त्रिपाठी' का उपनाम क्या था?

(A) पन्त

(B) निराला

(C) अज्ञेय

(D) उर्मिल

21) 'रानी और कानी' कविता में कैसी लड़की का वर्णन है?

(A) सुन्दर

(B) अन्धी

(C) कुरुप

(D) बाँझ

22) ऐरावत किसके समान बह जायेंगें?

(A) फूलों के

(B) पेड़ों के

(C) डालों के

(D) पत्तों के

23) "क्या भूलूँ क्या याद करुँ" कविता के रचयिता कौन थे?

(A) हरिवंशराय बच्चन

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) सुमित्रानन्दन पन्त

(D) महादेवी वर्मा

24) शून्यों से घिरी हुई पीड़ा क्या है?

(A) असत्य

(B) सत्य

(C) गत्य

(D) मत्य

25) मनुष्य के द्वारा अनेक बाग के क्या बेधे जाते हैं?

(A) फल

(B) पत्ते

(C) फूल

(D) जड़

26) मतंगऋषि के आश्रम में शबरीं कहाँ पहूँचती है?

(A) अम्बासर

(B) अमृतसर

(C) पारासर

(D) पम्पासर

27) चूल्हा कुछ नहीं बोलता चुपचाप क्या करता है?

(A) जलता है

(B) मचलता है

(C) चलता है

(D) बतियाता है

28) धरती पुराना क्या खोलती है?

(A) इतिहास

(B) राग

(C) रहस्य

(D) आलबम

29) खुद को क्या नहीं बना लेने के लिए कवि कहता है?

(A) पत्थर

(B) कंकड़

(C) धूल

(D) कीचड़

30) प्रेत कहाँ से प्रेमपत्र निकाल ले जायेगा?

(A) घर

(B) किताब

(C) स्कूल

(D) पुस्तकालय

31) देवता का सही समानार्थी शब्द है?

(A) अमर

(B) अनिल

(C) अनल

(D) अजर

32) 'वक्त' का सही विरोधीशब्द होता है।

(A) अवधि

(B) बेवक्त

(C) समय

(D) काल

33) 'विद्यालय' शब्द का सही सन्धिविच्छेद है?

(A) विद्या + लय

(B) विद्य + आलय

(C) विद्या + आलय

(D) विद्यो + लय

34) 'पो + अन्' का सही सन्धि है।

(A) पावन

(B) पोवन

(C) पौवन

(D) पवन

35) द्वन्द्व समास का उदाहरण है।

(A) माता–पिता

(B) पिताम्बर

(C) महाराज

(D) चालबाज

36) 'हस्तलिखित' में कौन सी समास है?

(A) द्विगु समास

(B) तत्पुरूष समास

(C) द्वन्द्व समास

(D) कर्मधारय समास

37) "चारुचन्द्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल थल में" पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(A) यमक अलंकार

(B) उपमा अलंकार

(C) अनुप्रास अलंकार

(D) उत्प्रेक्षा अलंकार

38) 'श्लेष' अलंकार कब होता है?

(A) जब एक ही वर्ण बार–बार आता है

(B) जब एक वर्ण दो बार आता है

(C) जब एक ही शब्द में अनेक अर्थ चिपके हों

(D) इनमें से कोई भी नहीं

39) 'चतुर बालक' का सही विशेषण है।

(A) चतुर

(B) आलसी

(C) सुन्दर

(D) कुरुप

40) 'औगुन' का सही तत्समरुप है।

(A) अनगुण

(B) अवगुण

(C) अवगुन

(D) औगन

41) निम्नलिखित में कौन सा शब्द शुद्ध है?

(A) गौवालीन

(B) गुआलिन

(C) ग्वालिन

(D) ग्वालीन

42) निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन सा है?

(A) मैंने पढ़ाई पढ़ों रहा

(B) मैंने आज का समाचारपत्र पढ़ता रहा

(C) मैंने समाचार पढ़ायो आगे बढ़ता रहा

(D) मैंने समाचार पत्र पढ़ा

43) 'जिसके आगमन की कोई तिथि न हो' शब्द समूह के लिए सही शब्द है।

(A) अतिथि

(B) मेहमान

(C) देव

(D) भगवान

44) 'दुलहिन' शब्द के लिए खड़ी बोली का रुप है।

(A) दुलहन

(B) दुल्हन

(C) दुलहनी

(D) दुलहनीया

45) 'आखें मिलना' मुहावरे का सही अर्थ है।

(A) मन टूटना

(B) घायल होना

(C) प्रेम हो जाना

(D) भावुक हो जाना

46) 'दिमाग चाटना' मुहावरे का सही अर्थ है।

(A) प्रेम करना

(B) घायल करना

(C) बेकार की बातें करना

(D) परेशान करना

47) 'पण्डिताइन' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(A) आइन

(B) पण्डित

(C) इन

(D) अईन

48) 'आगमन' शब्द में उपसर्ग है।

(A) अ

(B) आ

(C) आग

(D) आम

49) 'मनुष्य' शब्द की भाववाचक संज्ञा है।

(A) मनुता

(B) मनता

(C) मनुष्यता

(D) मानता

50) 'सुन्दरता' किस शब्द का भाववाचक विशेषण है?

(A) सौन्दर्य

(B) स्वच्छ

(C) अच्छा

(D) सुन्दर

# 02 (H)

(MARCH, 2019)
(New Course)

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए ।
2) प्रश्नपत्र के **Part - B** में चार विभाग है और कुल **1** से **15** प्रश्न है ।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य है । आंतरिक विकल्प दिये गए है ।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है ।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए ।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये ।

### विभाग–A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए।** [6]

1) ज्ञान को लोग पागल क्यों कहते थे?

2) आचार्य विभूति मिश्र का घर कैसा था?

3) गंगा का जल पीने योग्य क्यों नही रहा?

अथवा

नदियों के पानी का उपयोग किन कार्यों में किया जाता है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दस–बारह वाक्यों में लिखिए।** [4]

4) नदियाँ प्राचीन भारत के इतिहास पर किस तरह प्रकाश डालती हैं?

अथवा

कोलकाता के फुटपाथों पर रहनेवाले लोग अपना जीवन कैसे व्यतीत करते हैं?

■ **निम्नलिखित गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।** [2]

5) 'एवरेस्ट जैसे महान अभियान में खतरों को और कभी-कभी तो मृत्यु भी आदमी को सहज भाव से स्वीकार करनी चाहिए।'

## विभाग-B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों मे लिखिए।** [4]

6) मीरा के प्रभु कैसे हैं?

7) प्रेम को लेकर कवि चिन्तित क्यों हैं?

अथवा

धरती रूपी अलबम पर क़िस-किस के धब्बे हैं और वे क्या दर्शाते हैं?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दस-बारह वाक्यों में लिखिए।** [4]

8) 'वाटिका प्रसंग' का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

अथवा

शबरी प्रभु के बारे में क्या मानती है?

■ **निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।** [4]

9) चौंके मतंग वह समझ गये
कीचड़ में कमल खिला है यह,
होगी अछूत पर। जाने किन
जन्मों का पुण्य खिला हैं यह।

अथवा

तहखानों से निकलें मोटे-मोटे चूहे
जो लाशों की बदबू फैलाते घूम रहें,
हैं कुतर रहे पुरखों की सारी तस्वीरे
चीं-चीं-चिक्-चिक् की धूम मचाते घूम रहें।

## विभाग–C

■ **सुचना के अनुसार उत्तर लिखिए।** [8]

10) विवाह के अवसर पर शामिल होने के लिए निमन्त्रण पत्र लिखिए।

11) रेडियो और टेलीविजन का महत्व समझाइए।

■ **निम्नलिखित अपठित गद्यांश का एक तिहाई भाग में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए।** [5]

12) "वीरों को बनाने के कारखाने कायम नहीं हो सकते। वे तो देवदार की वृक्षों की तरह जीवन के अरण्य में खुद–ब–खुद पैदा होते हैं। बिना किसी के पानी दिए, बिना किसी के दूध पिलाए, बिना किसी के हाथ लगाये तैयार होते हैं। और दुनिया के मैंदान में अचानक ही सामने आकर खड़े हो जाते हैं। हरबार दिखावा और नाम के लिए छाती ठोंककर आगे बढ़ना और फिर पीछे हटना पहले दर्जे की बुजदिली है। वीर तो यह समझता है कि मनुष्य का जीवन जरा सी चीज है। वह सिर्फ एकबार के लिए काफी है। मानो बन्दूक में एक गोली है। उसे एकबार ही प्रयोग किया जा सकता है। हाँ, कायर पुरुष इसको बड़ा कीमती और कभी न टूटने वाला हथियार समझते हैं। हर घड़ी आगे बढ़कर हम बड़े हैं दिखाकर फिर पीछे इसलिए हट जाते हैं कि उनका अनमोल जीवन बच जाय। गरजने वाले बादल ऐसे ही चले जाते हैं परन्तु बरसने वाले जरा सी देर में मूसलाधार वारिश कर जाते हैं।"

## विभाग–D

■ **निम्नलिखित का विचार–विस्तार कीजिए।** [5]

13) बोया पेड़ बबूल का आम कहाँ से खाय।

14) सच्चा मित्र ही जीवन की औषधि है।

अथवा

अपनी करनी पार उतरनी।

■ **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए।** [8]

15) आज के मोबाईल युग में विज्ञान वरदान या अभिशाप।

अथवा

भारत में नदियों की उपयोगिता।

अथवा

गुजरात में बाढ़ का दृश्य।

अथवा

मेरा प्रियखेल क्रिकेट

● ● ●